भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2377

01.08.2022 को उत्तर के लिए

हरियाली महोत्सव

2377. श्री विद्युत बरन महतो :
श्री रवि किशन :
श्री रविन्दर कुशवाहा :
श्री सुब्रत पाठक :
श्री सुधीर गुप्ता :
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :
श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे :
श्री प्रतापराव जाधव :
श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में हरियाली महोत्स्व का आयोजन किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त महोत्सव में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में हरियाली महोत्सव मनाने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार भविष्य की पीढ़ी के लिए वृक्षों और वृक्षारोपण के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई अभियान शुरू करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार संपूर्ण देश में और अधिक पेड़ लगाने के लिए पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे कुछ गैर-सरकारी संगठनों को साथ लाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ङ) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वृक्षारोपण उत्सव और 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में स्वतंत्रता के 75 वर्षों का स्मरणोत्सव मनाने के लिए दिनांक 8 जुलाई, 2022 को तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में वृक्ष समारोह - "हरियाली महोत्सव" का आयोजन किया था। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए राज्य सरकारों, दिल्ली की एनसीटी सरकार के पुलिस संस्थानों और दिल्ली के स्कूलों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

दिल्ली के स्कूली छात्रों, पारि-कार्य बल के सदस्यों तथा भागीदार विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित 2500 से अधिक लोगों ने व्यक्तिगत रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

'हरियाली महोत्सव' के अवसर पर स्कूली बच्चों, एनजीओ, नागरिक समितियों, पुलिस तथा अन्य सरकारी विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए जन भागीदारी के माध्यम से देशभर में 75 नगर वनों में, 75 अवक्रमित वन स्थलों में, कुल 75 कि.मी. सड़क किनारे, दिल्ली के 75 पुलिस स्थापनाओं में और दिल्ली के 75 स्कूलों में इस दौरान वृक्षारोपण किये गये थे।

इस मंत्रालय ने वन/हरियाली महोत्सव, विश्व पर्यावरण दिवस और विश्व वानिकी दिवस आदि जैसे अवसरों पर विभिन्न वृक्षारोपण कार्यक्रमों में लोगों को प्रतिभागिता को बढ़ावा देते हुए उन्हें इन कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए कई परामर्शिकाएं जारी की हैं। राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारें, जन प्रतिभागिता के माध्यम से व्यापक वृक्षारोपण अभियान सहित अपने वनीकरण लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न वनीकरण अभियान चलाती हैं।

इसके अतिरिक्त, चूंकि वृक्षारोपण/वनीकरण का कार्य अंतर क्षेत्रीय प्रयास है इसलिए, इसे विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी, कार्पोरेट निकायों आदि द्वारा किया जाता है।

****